# 'रन फार टुमारो' में दौड़े यूपीईएस के शिक्षक व छात्र

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

यूपीईएस में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं नशे के खिलाफ जागरूकता लाने के लिए 'रन फार टुमारो' मैराथन का आयोजन किया गया। पांच किमी की मैराथान में डीन और प्रोफेसरों सहित 500 से आकि छात्रों और 100 कर्मचारियों ने भाग लिया।

मल्टीडिसप्लनेरी विश्वविद्यालय यूपीईएस में आयोजित मैराथन 'रन फार टुमारो' में शिक्षकों, छात्रों व कर्मचारियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। इसके साथ ही मैराथन के जरिये प्रतिभागियों ने प्रतिभा व दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। मैराथन में हिमांशु कुमार,आंचल तैलवाल, सौरभ बिष्ट व मंजू पंत ने स्वर्ण पदक जीता। आर्यन, दक्षिता मान, समीर कुमार व श्वेता पंवार ने रजत पदक और स्वास्तिक, खुशी क्षेत्री, राहुल कुमार व पूनम ने कांस्य पदक जीता। विभिन्न श्रेणी में आयोजित मैराथन के विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ ही प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सड़क सुरक्षा और नशे के खिलाफ आमजन को किया जागरूक




विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते विवि के अधिकारी।

इसके तहत विजेता को 10 हजार, उप विजेता को 7500 व दूसरे उपविजेता को पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। कुलपति डा.राम शर्मा ने कहा कि हमारा ध्यान यूपीईएस में छात्रों के लिए एक अच्छा वातावरण तैयार करने के साथ ही फैकल्टी व कर्मचारियों के लिए एक सम्पूर्ण बेहतर कार्यस्थल बनाने पर केंद्रित है। मैराथन शारीरिक व मानसिक कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यूपीईएस समग्र विकास और छात्रों व शिक्षकों की भलाई के दृढ़ संकल्पित है। हाल में ही यूपीईएस स्कूल आफ हेल्थ साइंसेज के सहयोग से यूपीईएस की सीएसआर शाखा ने आहार विकल्पों पर सामुदायिक स्तर के सत्रों की एक श्रृंखला भी आयोजित की। इसके तहत आसपास की आंगनबाड़ियों में गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताओं में पोषण किट वितरित किए गए। किट में मातृ एवं शिशु देखभाल में सहायता के लिए आवश्यक सामग्री शामिल दी गई थी।